हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 अप्रैल 2025

11 राजेंद्र शर्मा कोआपरेटिव सोसायटी बैंक के निर्विरोध बने प्रधान...



12 अब तक 87650 मीट्रिक टन सरसों की सरकारी...






# सोशल मीडिया पर न डालें भड़काऊ शब्द या ऑडियो-वीडियो, गांव स्तर पर भी रहेगी पैनी नजर

- आतंकी वारदात के बाद प्रशासन अलर्ट मोड़ पर : कानून व्यवस्था कायम रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी
- कानून व्यवस्था के संबंध में डीसी व एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिले में शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने की जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए डीसी डा. विवेक भारती ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद कानून व्यवस्था कायम रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय में विभिन्न वर्गों के नागरिकों के साथ बैठक के बाद अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने भी सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। बैठक में जिले की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई और अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जिला उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है कि सभी अधिकारी पूरी तरह से सतर्क रहें और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तत्परता से कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने क्षेत्रों के गांवों के सरपंचों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें और गांवों में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की नियमित जानकारी प्राप्त करते रहे। उन्होंने कहा कि सरपंच जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और किसी भी संभावित समस्या की जानकारी तुरंत प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक ने बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाएं। उन्होंने विशेष रूप से मस्जिदों पर तैनात किए गए पुलिस कर्मचारियों को कड़ी मेहनत के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने और क्षेत्र में आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाए।

### डीसी ने नागरिकों से की अपील

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की गलत पोस्ट शेयर ना करें। इसके अलावा ऐसी कोई भी बात न करें जिससे समाज में वैमनस्य तथा कटुता पैदा हो। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में एक छोटी सी पोस्ट भी बड़े विवाद का कारण बन सकती है। ऐसे में हमें बहुत ही सावधानी से इसका उपयोग करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है और किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा।

### मीडिया भी रखेगी नजर

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में मौजूद पत्रकारों से भी विशेष आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई बार भ्रामक और अफवाह फैलाने वाली खबरें प्रसारित हो जाती हैं। जिससे जिले की शांति एवं सद्भाव पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों का खंडन करें व यदि सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसी अफवाह चल रही हो तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने में पत्रकारों से सहयोग करने का भी आह्वान किया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे शांति और सद्भाव बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा यदि कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस या प्रशासन को सूचित करें। जिला प्रशासन जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इसके लिए हर संभव कदम उठाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 30 अप्रैल को खुले रहेंगे सरकारी कार्यालय

**नारनौल।** हरियाणा सरकार मानव संसाधन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना अनुसार अक्षय तृतीया के लिए 30 अप्रैल को घोषित राजपत्रित अवकाश को वापस ले लिया है। 30 अप्रैल को अन्य दिनों की तरह सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे। उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि 26 दिसंबर 2024 को सम संख्या की ओर से जारी सरकारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए अक्षय तृतीया के लिए 30 अप्रैल 2025 को घोषित राजपत्रित अवकाश वापस लिया जाता है।

### रेडक्रॉस महासचिव का होगा अभिनंदन

**नारनौल।** रेडक्रॉस हरियाणा के नवनियुक्त महासचिव महेश जोशी नियुक्ती के उपरांत प्रथम बार नारनौल पहुंच रहे हैं। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. संजय शर्मा ने बताया कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए महेश जोशी 27 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे नारनौल के मोती नगर में पहुंचेंगे।

### वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा कैंप कल

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा ने बताया कि 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 2 बजे दोपहर तक संवेदना अस्पताल के तत्वावधान में किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में एक निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नेत्र जांच का कार्य डा. विशाल निगम (नेत्र जांच विशेषज्ञ), हड्डी तथा जोड़ दर्द रोग डा. जितेश लाम्बा एवं दन्त रोग विशेषज्ञ डा. दिव्या द्वारा दांतों के रोग की जांच किया जाएगा।

### विभाग के उच्चाधिकारियों पर लगाए लापरवाही बरतने के आरोप

# सीवर लाइन में ब्लॉकेज की रिपेयर करने उतरे दो कर्मचारियों की दम घुटने से मौत

- केस दर्ज करके कार्रवाई में जुटी पुलिस
- उच्च न्यायालय व सरकार के सेफ्टी किट इस्तेमाल संबंधित आदेशों की अनदेखी से शहरवासी आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

शहर में सीवर लाइन के ब्लॉकेज की रिपेयर करने होद में उतरे दो कर्मचारी दम घुटने से बेहोश हो गए। वार्ड के युवाओं ने रस्सी की मदद से दोनों कर्मियों को अचेत अवस्था में होद से बाहर निकाला व एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने विभिन्न चेकअप करके दोनों कर्मियों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों से विभागीय अधिकारियों पर सेफ्टी किट नहीं देने के आरोप लगाए हैं। जिसके अभाव में सफाई कर्मियों तक आक्सीजन नहीं पहुंच पाई और मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के मुताबिक मोहनपुर निवासी 28 वर्षीय अनूप कुमार तथा ढाणी बंधा वाली का 30 वर्षीय जोगेंद्र कुमार कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग में बतौर सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं। जिन्हें शहर के विभिन्न वार्डों में ब्लॉकेज सीवर लाइन की रिपेयर करने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। बीते करीब एक सप्ताह पहले नारनौल रोड पर स्थित एसबीआई बैंक के पास गली में सीवर ब्लॉक होने की शिकायत मिली थी। दो दिन पहले कर्मियों ने पाइप लाइन डालकर ब्लॉकेज खोलने का प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद उच्चाधिकारियों ने मशीन की मदद से लाइन को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे मशीन नांगल चौधरी पहुंची, इसी दौरान विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने अनूप कुमार व जोगेंद्र को स्थल पर पहुंचने की हिदायत दी। दोनों कर्मियों ने नौ बजे सीवर के होद का ढक्कन खोलकर नीचे उतरे तथा लोहे के सरिए से ब्लॉकेज तलाशना शुरू किया। दो कर्मचारी बाहर खड़े होकर मशीन को ऑपरेट करने में मदद कर रहे थे, लेकिन अंदर गए कर्मचारियों ने कोई मुवमेंट रिपोर्ट नहीं दी। इसके बाद बाहर खड़े जेई व दो अन्य कर्मियों ने आवाज लगाई, जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने तुरंत मशीन को बंद किया तथा सीवर में फंसे कर्मियों को निकलने के यंत्र तलाशने लगे। नजदीकी मकान मालिक ने एक निजी अस्पताल से ऑक्सीजन का सिलेंडर मंगवाया तथा उसकी मदद से अन्य कर्मी को नीचे उतारा, लेकिन थोड़ी नीचे जाते ही उसका भी दम घुटनी शुरू होने पर उसे तत्परता से वापस बाहर निकाला। इसके बाद सीएचसी से ऑक्सीजन के सिलेंडर मंगवाएं और रस्सी से लोहे की कुंडी बांधकर सीवर में फैंका, इस कुंडी में एक कर्मी फंसा जिसे खींचकर निकाला गया। दूसरे कर्मचारी को एक स्थानीय युवक उत्तम सिंह राजपूत की मदद से निकाला गया। शहरवासियों ने दोनों अचेत कर्मियों को सीएचसी में पहुंचाया।

### सीवर लाइन की रिपेयर मशीन से कराने की हिदायत है, जेई स्तर पर कराया काम

विभाग के उप मंडल अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि सभी कनिष्ठ अभियंताओं को ब्लॉकेज सीवर लाइन की रिपेयर मशीनों से कराने की हिदायत दी थी। इसके अलावा विभाग के पास सभी संसाधन तथा उपकरण उपलब्ध हैं, बावजूद लापरवाही होना समझ से परे है। शुक्रवार की सुबह करीब 12 बजे ही हादसे की जानकारी मिली है, मामले की गहनता से छानबीन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीवर लाइन में जहरीली गैस बनने की संभावना बनी रहती है।

### बचाव की प्रक्रिया को छोड़कर मौके से फरार हुए साथी कर्मचारी

प्रत्यक्ष दर्शी दलीप कुमार ने बताया कि दो कर्मचारी व कनिष्ठ अभियंता मशीन के पास खड़े थे। कनिष्ठ अभियंता नीचे उतरे हुए कर्मियों को डांटते हुए फटाफट काम पूरा करने तथा बाहर निकलने की हिदायत दे रहे थे, लेकिन नीचे वाले कर्मियों के बेहोश होने की भनक लगते ही विभाग के सभी कर्मी फरार हो गए। दुकानदार व अन्य लोगों ने विभिन्न संसाधनों की मदद से मृतकों को सीवर से बाहर निकाला।



नारनौल। नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट ने नगर सीमा पर चारों दिशाओं में तोरणद्वार बनाने व महापुरुषों के नाम पर उनका नामकरण करने की मांग नगर परिषद से की है। चीफ ट्रस्टी डा. रामनिवास मानव ने इस संदर्भ में ज्ञापन नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी को सौंपा। इस अवसर पर ट्रस्टी डा. कांता भारती व भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सरला यादव भी उपस्थित रही।

डा. मानव ने बताया कि उत्तर दिशा में महेंद्रगढ़ रोड पर बने द्वार का नामकरण प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद राव किशन सिंह व राव गोपाल देव के नाम पर किशन गोपाल द्वार, पश्चिम दिशा में सिंघाना रोड पर बने द्वार का च्यवन ऋषि के नाम पर, दक्षिण दिशा में बहरोड़ मार्ग पर बने द्वार का नामकरण नीति विशारद बीरबल के नाम व पूर्व दिशा में दिल्ली मार्ग पर बने द्वार का नामकरण अंतिम हिंदू सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के नाम पर हेमचंद्र द्वार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सभी विभूतियों का नारनौल व इसके आसपास के क्षेत्रों से किसी न किसी रूप में निकट संबंध रहा है।

## एचकेआरएन के तहत लगे कंप्यूटर ऑपरेटर को पीछे से गाड़ी ने मारी टक्कर, मौत

**महेंद्रगढ़।** हर्बल पार्क के पास सड़क दुर्घटना में एचकेआरएन के तहत सरकारी स्कूल डुलाना में लगे कंप्यूटर आपरेटर की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। इसके अलावा पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव देवास निवासी विजय कुमार ने सिटी पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह तीन भाई है। वह सबसे बड़ा है, उसका छोटा भाई रविदत्त डुलाना के सरकारी स्कूल में एचकेआरएन के तहत कंप्यूटर आपरेटर लगा हुआ था। 24 अप्रैल को माजरा चुंगी की तरफ किसी काम से उसका भाई गया हुआ था। रविदत्त जब कनीना रोड पर हर्बल पार्क की तरफ से माजरा की चुंगी की तरफ अपनी साइड में पैदल-पैदल आ रहा था, जब रविदत्त सोनू मार्बल हाउस के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही चलता हुआ आया और साइड में चल रहे भाई रविदत्त को पीछे से टक्कर मार दी। वह अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने रविदत्त को मृत घोषित किया हुआ था। विजय कुमार ने पुलिस से रोड पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज तलाशने की मांग की है।

# कार्यालय से बाहर घसीटा, फिर लाठी डंडों से हमला, 5 गिरफ्तार

- घायल की हालत गंभीर, एक नामजद व 15 अन्य पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर में बस स्टैंड के सामने एक कार्यालय में बैठक व्यक्ति को कुछ बदमाशों ने बाहर घसीटा और फिर उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस वारदात में पीड़ित को गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर एक नामजद व 15 अन्य के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस घटनाक्रम के बाद शुक्रवार पुलिस ने नामजद गौरव सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

गांव रामबास वासी पीड़ित हरिसिंह ने सिटी पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वीरवार दोपहर करीब दो बजे वह बस स्टैंड के सामने एक न्यूज कार्यालय पर था। वह वहां पर दो मीडिया कर्मियों से खबरों को लेकर चर्चा कर रहा था। जहां जैनाबाद वासी गौरव पुत्र पवन कुमार अपने साथ 10 से 15 युवक लेकर कार्यालय में डकैती की नियत से घुस गए और उसके साथ मारपीट की। वहां बैठे एक साथी के साथ धक्का मुक्की की। पीड़ित ने बताया कि उसे कार्यालय से घसीटकर बाहर ले आए व जान से मारने की नियत से लाठी डंडो से हमला कर घायल कर दिया। दोनों मोबाइल छीन कर ले गए और जेब से करीब 2200 रुपये भी छीनकर ले गए। जाते वक्त यह कह कर गए कि अलगत तो मर जाएगा और बच भी गया तो जान से मार देंगे। इससे पूर्व भी आरोपित गौरव ने घर में भाई के मोबाइल पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। मोबाइल छीनने के बाद जब शाम चार बजे के आस पास छोटा भाई जो कोटा रहता है, उसने छीने हुए मोबाइल नंबर पर कॉल की तो उसके साथ भी गाली गलौच कर रहे है। इन आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इस वारदात के बाद पीड़ित को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके शरीर पर चार चोट तहरीर की।



नारनौल। नागरिक अस्पताल में उपचार करवाता पीड़ित हरिसिंह। फोटो : हरिभूमि

### चुनाव को लेकर उनकी ओर से बनाई जा रही रणनीति

# कनीना व अटेली नगर पालिका में आज चुने जाएंगे उपप्रधान

- 14 वार्डों वाली नपा में एक गुट के पास आठ, तो दूसरे गुट के पास माने जा रहे छह सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

नगर पालिका के उपप्रधान पद के चुनाव के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। इस बारे में चुनाव अधिकारी एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नगर पालिका के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को 25 मार्च के दिन पंचकूला में शपथ दिलाई गई थी, लेकिन किसी प्रतिनिधि ने विशेष कारणों के चलते शपथ न ली हो तो उन्हें भी 26 अप्रैल को नगर पालिका कार्यालय में शपथ दिलाई जाएगी। उपप्रधान पद के चुनाव में भाग लेने के लिए उम्मीदवार एक प्रस्तावक व एक समर्थक सहित अपना नामांकन भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को दोपहर एक बजे नगर पालिका में उप प्रधान पद के चुनाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया जाएगा। दोपहर दो बजे से ढाई बजे तक नामांकन पत्र लिए जाएंगे तथा तीन बजे ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मतदान के तुरंत बाद परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### 18 अप्रैल को चुनाव हुए थे स्थगित

कनीना में नगर पालिका चुनाव के करीब डेढ़ माह बाद उपप्रधान पद के चयन की कवायद तेज हो गई है। बता दें कि इस बार नपा प्रधान पद के लिए सीधा चुनाव हुआ था। यह पद महिला के लिए रिजर्व किया गया था। जिसमें डा. रिंपी कुमारी ने अपनी प्रतिद्वंदी सुमन यादव को 566 मतों से पराजित किया था। उपप्रधान पद का चुनाव चुने गए सदस्यों द्वारा किया जाना है। चुनाव की पहली प्रक्रिया 18 अप्रैल को घोषित की गई थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों से नहीं करवाए जा सके थे। चुनाव स्थगित होने के बाद अब दुबारा से 26 अप्रैल चुनाव की तिथि निर्धारित की गई है।

इस बारे में नपा चेयरपर्सन डा. रिंपी कुमारी, वार्ड एक से पार्षद मंजू देवी, दो से दीपक चौधरी, तीन से उषा देवी, चार से रेखा देवी, पांच से राजकुमार, छह से राकेश कुमार, सात से राजेश देवी, आठ से पूजा देवी, नौ से नितेश गुप्ता, 10 से योगेश कुमार, 11 से होशियार सिंह, 12 से सुमन देवी, 13 से सूबेसिंह व 14 से राजेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह व अटेली हलका विधायक एवं मंत्री आरती सिंह राव को सूचना भेजी गई है। माना जा रहा है कि यहां पर दो गुट बने हुए हैं। जिनमें एक गुट के पास आठ व दूसरे गुट के पास छह सदस्य बताए जा रहे हैं। जिन्हें लेकर रणनीति तैयार की जा रही है।

### नगर पालिका उप-प्रधान पद के लिए चुनाव आज

**मंडी अटेली।** नगरपालिका अटेली मंडी के उप-प्रधान पद के चुनाव के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। इसके बारे में एसडीएम रमित यादव ने बताया कि चुनाव में भाग लेने के लिए उम्मीदवार एक प्रस्तावक तथा एक समर्थक सहित अपना नामांकन भर सकते हैं। नगरपालिका अटेली मंडी के उप-प्रधान पद के चुनाव के लिए सुबह 10 बजे नगर पालिका अटेली मंडी में बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 11 से साढ़े 11 बजे तक नामांकन पत्र लिए जाएंगे तथा साढ़े 11 से 12 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। दोपहर सवा 12 बजे नाम वापसी होंगे। इसके बाद दोपहर एक से डेढ़ बजे तक यदि आवश्यक हुआ तो मतदान होगा। मतदान के तुरंत बाद परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।

## मारपीट करने व मोबाइल छीनने पर आधा दर्जन पर केस दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र में अपनी पत्नी के साथ कुएं पर जा रहे युवक को बीच रास्ते में मारपीट कर मोबाइल छीनने वाले एक नामजद व पांच अन्य पर पुलिस ने किया मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पृथ्वीपुरा निवासी हनुमान ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि गत 23 अप्रैल समय करीब साढ़े चार बजे शाम को वह अपनी पत्नी सुमन के साथ पृथ्वीपुरा कुएं पर जा रहा थे। गांव से लगभग 800 से 900 मीटर की दूरी पर रास्ते के किनारे ईधन लगा हुआ था।

उसके पीछे चार से पांच व्यक्ति छुपकर बैठे हुए थे। उन सभी ने एकदम से उसके आगे आ गए तथा राड व डण्डों से मारना शुरू कर दिया, जिससे उसको बहुत चोट लगी। उन चार से पांच व्यक्तियों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। उसकी पत्नी जब उनका वीडियो बनाने लगी तो उसके हाथ पर डण्डा मारा और मोबाईल छीन लिया। उसके बाद में एक का मुंह से कपड़ा खुल गया, जिससे उनको पहचान लिया, वह पृथ्वीपुरा सचिन था। उसने मोबाईल छीनकर ले गए थे। कुछ दूरी पर ही उसको फैंक गए। उसके मोबाइल के पीछे कवर में 22 सौ रुपये निकाल कर ले गए। अंत में उन्होंने उसके लड़का जो प्रतिदिन इस रास्ते से स्कूल जाता है, उसको भी जान से मारने की धमकी दी। उसकी पत्नी ने डायल 112 बुलाकर अटेली अस्पताल भर्ती कराया।



एक कठफोड़वा प्रति सेकंड की दर से पेड़ में 20 बार अपनी चोंच मार सकता है।



दरियाई घोड़ा इंसानों की तुलना में तेजी से दौड़ सकते हैं और इनके पसीने का रंग गुलाबी होता है।



# आंकड़ों की अच्छी समझ है तो बनाए इन क्षेत्रों में कॅरियर



नॉलेज

**यंगभूमि डेस्क**

दुनियाभर में डेटा का इस्तेमाल बढ़ रहा है, इसके साथ ही ऐसे विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है जो इसे समझ भी सकें और समझा भी सकें। डेटा की जरूरत को देखते हुए अब सांख्यिकी में पढ़ाई करने वालों को कई तरह की प्रोफाइल पर काम करने के मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों को समझने का हुनर और उसे आसान भाषा में समझाने की खूबी कॅरियर को नई उड़ान दे सकती है। स्टेटिस्टिक्स यानी सांख्यिकी ऐसा ही एक विषय है। जैसे-जैसे कंज्यूमर डेटा की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे सांख्यिकी के जानकारों को कॅरियर में नए मौके मिल रहे हैं। डेटा का विश्लेषण करना, इससे पॉलिसी बनाना, आर्थिक सर्वे करना इसके विशेषज्ञों का काम है। कोई भी सर्वे सांख्यिकी डेटा के बगैर संभव नहीं है।

## योग्यता

सांख्यिकी में कॅरियर बनाने के लिए 12वीं में कॉमर्स या गणित होना अनिवार्य हैं। परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होनी चाहिए। 12वीं के पास सांख्यिकी में ग्रेजुएशन और मास्टर्स कर सकते हैं। कुछ संस्थानों में सीधे दाखिला मिलता है। वहीं, कुछ इंस्टीट्यूट प्रवेश परीक्षा के आधार दाखिला देते हैं। दिल्ली, बेंगलुरू और कोलकाता के इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, से पढ़ाई की जा सकती है। दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, सीआर राव एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस, हैदराबाद से स्टडी कर सकते हैं।

### 0-डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर

एक डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर डाटा को कैटेगरीवाइज ऑर्गेनाइज करने का काम करता है। डाटा का बैकअप रखना और उसकी सिक्योरिटी पर नजर रखना भी डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर का ही काम है। इसके अलावा ये विशेषज्ञ स्टेकहोल्डर को डाटा एक्सेस करने में मदद करते हैं। यह तय करते हैं कि परमिशन दी जाएगी या नहीं। डेटा को तकनीक की मदद से बेहतर तरीके से पेश करते हैं।

## 0-फाइनेंशियल एनालिस्ट



सांख्यिकी में पढ़ाई के लिए फाइनेंशियल एनालिस्ट के तौर पर भी कॅरियर बना सकते हैं। एक फाइनेंशियल एनालिस्ट बैलेंस शीट की एनालिसिस करता है। बताते हैं कि कंपनी और क्लाइंट को कब और कहां निवेश करने की जरूरत है। कंपनी और क्लाइंट के स्टॉक और बॉन्ड की जानकारी रखते हैं और उसकी एनालिसिस करके परिणाम के आधार पर सलाह देकर फायदा पहुंचाते हैं।

### मार्केट रिसर्चर

एक मार्केट रिसर्चर प्रोडक्ट और सर्विस को लेकर इंडस्ट्री के रुख को समझते हैं। उसके आधार पर भविष्यवाणी करते हैं। ये मार्केट में ट्रेंड को समझते हैं। कंपनियों को बताते हैं कि कंज्यूमर की जरूरत क्या है और क्या चलन से बाहर हो रहा है। आंकड़ों की मदद से ये जानकारी देते हैं। मार्केट से डेटा को इकट्ठा करके उसे चार्ट और रिपोर्ट के रूप में पेश करते हैं।

## डेटा साइंटिस्ट



अगर डेटा साइंटिस्ट बनना चाहते हैं तो स्टेस्टिक्स आपके लिए एक सबसे जरूरी विषय साबित होगा। आंकड़ों का डेटा सेट बनाना, डेटा मॉडल तैयार करना, पैटर्न और ट्रेंड को समझना एक डेटा साइंटिस्ट का काम होता है। एक डेटा साइंटिस्ट स्टेस्टिकल मॉडल को तैयार करने के साथ उसे लागू करने का काम भी करता है। यही वजह है कि डेटा साइंटिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एक सांख्यिकीविद का काम पिछले डेटा का विश्लेषण करना होता है। इसकी मदद से पॉलिसी मेकर्स नई पॉलिसी बनाते हैं। प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में सांख्यिकी के जानकारों की मांग बढ़ रही है। हर साल 29 जून को नेशनल स्टेस्टिटिक्स डे भी मनाया जाता है।

---

मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है मौसम विज्ञान

# 12वीं के बाद मौसम विभाग में बनाएं अपना कॅरियर, इस फील्ड में है काफी स्कोप

जॉब ट्रेंड्स

**करियर डेस्क**

दुनिया में हर दिन बदलते मौसम को लेकर सभी देश चिंतित हैं। क्योंकि प्राकृतिक घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक आने वाले प्राकृतिक खतरे को भांप लेते हैं। मौसम वैज्ञानिक के पूर्वानुमान से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है, या फिर इस परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप स्टूडेंट है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मौसम वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और इसमें कितने प्रकार का कोर्स होता है।

### क्या है मौसम विज्ञान



बता दें कि मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। यह मौसम की क्रिया-प्रतिक्रिया, पूर्वानुमान पर आधारित होता है। इसके तहत कई विषयों पर शोध व अध्ययन किया जाता है।

### एग्रीकल्चर मीटियोरोलॉजी

फसलों की पैदावार और उससे होने वाले फायदे व नुकसान का आंकलन मौसम के अनुरूप दी जाती है। मौसम के हिसाब से गाइडलाइन जारी की जाती है। जिसमें मिट्टी प्रबंधन के लिए उपयोगी समय और फसलों की पैदावार का आंकलन किया जाता है।

### फिजिकल मेटियोरोलॉजी

इसमें मौसम के इलेक्ट्रिकल, ध्वनिक, ऑप्टिकल और थर्मोडायनामिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।


### सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी में सैटेलाइट के माध्यम रिमोट सेंसिंग उपकरणों से आने वाले डाटा के आधार पर महासागर और वायुमंडल का अध्ययन किया जाता है।

### डाइनामिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में पृथ्वी और उसके आसपास वायु की गति का अध्ययन होता है। इसके साथ ही बादल, बारिश, तापमान और हवा के पैटर्न पर भी अध्ययन होता है। जो मनुष्य को प्रभावित करती है।

## ग्रेजुएट स्तर पर तीन साल का कोर्स



## हमारे देश में मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी

### सिनॉप्टिक मेटियोरोलॉजी

स विषय में मौसम संबंधी बाधाओं जैसे ट्रापिकल साइक्लोन, एंटी साइक्लोन और फ्रंटल डिप्रेशन का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। कम दबाव के क्षेत्र में वायु, चक्रवात, क्षेत्र, जल और दबाव स्तर से एकत्र होने वाला मैप जो कि पूरी दुनिया के मौसम का सिनाप्टिक व्यू को बताता है।

### क्लाइमेटोलॉजी

क्लाइमेटोलॉजी के जरिए जलवायु और उससे जुड़ी चीजों का अध्ययन किया जाता है। जलवायु के प्रभाव और उसके बदलवा पर भी शोध किया जाता है।

### एविएशन मेटियोरोलॉजी

एविएशन मेटियोरोलॉजी पर एविएशन इंडस्ट्री के नजरिए से मौसम का शोध होता है। वहीं प्राप्त आंकड़े से पूर्वानुमान लगाया जाता है।

### कोर्स और योग्यता

हमारे देश में आज भी मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश के बहुत से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मीट्रिओलॉजी संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं। जो युवा इस क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहते हैं, वे इसमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट योग्यता हासिल कर सकते हैं। अंडग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान वर्ग भौतिकी, जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान से 12वीं पास होना जरूरी है। ग्रेजुएट स्तर का कोर्स तीन साल का है। अगर आप इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेना चाहते हैं तो इसके लिए किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आपका बीएससी होना जरूरी है।

---

मेमोरी शार्प करने के तरीके

# रटने की जगह इन टिप्स की मदद से करेंगे पढ़ाई तो लंबे समय तक याद रहेंगे चैप्टर

**अक्सर छात्रों के** साथ यह समस्या होती है कि वह चाहे कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन उनके द्वारा याद किए हुए चैप्टर्स याद नहीं रहते। या फिर जो वह पढ़ते हैं यदि वह याद भी रहा तो एग्जाम के समय सब भूल जाते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी इस तरह की समस्या तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको पढ़ाई करने के कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेमोरी को शार्प कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

### नोट्स जरूर बनाएं

स्टूडेंट्स को पढ़ाई करते समय कॉपी पेन लेकर जरूर बैठना चाहिए। साथ ही आप जरूरी प्वाइंट्स को नोट करते हुए चलें। ऐसा करने से आपको चीजें लंबे समय तक याद रहेंगी। क्योंकि लिखकर बनाए गए नोट्स ज्यादा समय तक आपके दिमाग में टिकती हैं।

### जरूर लें ब्रेक्स

जब आप लगातार कई घंटो तक पढ़ाई करते रहते हैं तो आपका ब्रेन थक जाता है और रिटेन नहीं कर पाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हर आधे घंटे में खुद को 5 मिनट का ब्रेक दें। इससे आपके ब्रेन को भी आराम मिलेगा और पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहेगा।

### फोकस रहें

जब आप पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करते हैं तो आपको चीजें ज्यादा समय के लिए याद रहती हैं। लेकिन जब आपका ध्यान कहीं और होता है तो आप पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। फोकस के साथ पढ़ाई करने से आप ज्यादा से ज्यादा इंफॉर्मेशन को अधिक समय तक याद रख पाएंगे।

### रिवीजन करें

पढ़ी हुई चीज को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि जो भी आप पढ़ रहे हैं, उसे दूसरों को भी समझाएं व पढ़ाएं। ऐसा करने से आपका रिवीजन होता है। या आप चाहें तो अपेन किसी दोस्त के साथ पढ़े हुए चैप्टर्स पर चर्चा कर सकते हैं। इससे पढ़ा हुआ चैप्टर भूलने की संभावना न के बराबर होती है।

### रिलेट करें

किसी भी चीज को पढ़ते समय कोशिश करें कि आप उसे रियल लाइफ से रिलेट कर पाएं। इससे याद किया हुआ पक्का हो जाता है। इस तरह से पढ़ने से आप पढ़े हुए चैप्टर्स को अच्छे से समझ पाएंगे और लंबे समय तक याद भी रख पाएंगे।

### रटने की कोशिश न करें

कई स्टूडेंट्स चैप्टर्स को रटने की कोशिश करते हैं। ऐसे में चैप्टर को अच्छे से समझ कर पढ़ना चाहिए। रट्टा मारने की कोशिश न करें। क्योंकि रट्टा मारने से आपको लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद नहीं रहेंगी, इसलिए समझना जरूरी है।

### गोल्स जरूर बनाएं

हर छात्र को अपने जीवन में गोल्स जरूर बनाने चाहिए। हर हफ्ते छोटे-छोटे गोल्स जरूर बनाएं। फिर इन गोल्स को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने से भी आपको एग्जाम के दौरान स्ट्रेस नहीं होगा। पढ़ा हुआ भी लंबे समय तक याद रहेगा।

---

# हमारे राष्ट्र की सुरक्षा: आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए बड़ी प्रेरणा



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

आप हमारे देश का भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान ही वह शक्ति है जो हमारे राष्ट्र को मजबूत और सुरक्षित बनाएगी। आज, जब हम आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह जरूरी है कि आप न केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान दें, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में भी अपनी भूमिका समझें। आतंकवाद और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारा दायित्व है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें और अपने देश को सुरक्षित रखें। इस लेख में, हम करेंगे कि आप, एक विद्यार्थी के रूप में, अपने देश की सुरक्षा में कैसे योगदान दे सकते हैं।

## छात्रा के रूप में आप दे सकते हैं बड़ा योगदान

### 1. जागरूकता : पहला कदम सुरक्षा की ओर

- राष्ट्र की सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। आतंकवाद और अन्य खतरों से निपटने के लिए हमें अपने आसपास के माहौल को समझना होगा।
- **सतर्क रहें:** अपने आसपास होने वाली असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें। अगर आपको कुछ संदिग्ध लगे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।
- **सोशल मीडिया पर सावधानी:** आतंकवादी और असामाजिक तत्व अक्सरसोशल मीडिया का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए करते हैं। ऐसी अफवाहों को न फैलाएँ और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।
- **शिक्षा का उपयोग:** अपने स्कूल या कॉलेज में सुरक्षा से संबंधित कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। यह आपको आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में मदद करेगा।

### 2. तकनीक का उपयोग: एक शक्तिशाली हथियार

- आज तकनीक का युग है। विद्यार्थी के रूप में, आप तकनीक का उपयोग करके राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।
- **साइबर सुरक्षा:** साइबर आतंकवाद एक बड़ी चुनौती है। अपने डिजिटल उपकरणों को सुरक्षित रखें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अनजान लिंक या ईमेल से बचें।
- **डेटा विश्लेषण और तकनीकी नवाचार:** अगर आप तकनीक में रुचि रखते हैं, तो डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**AI**), और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करें। ये कौशल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- **जागरूकता फैलाएँ:** तकनीक का उपयोग करके अपने दोस्तों और परिवार को आतंकवाद के खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में शिक्षित करें।

### 3. शारीरिक और मानसिक मजबूती

- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें डराने की कोशिश करती हैं, लेकिन हमें इनसे डरने के बजाय इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- **शारीरिक फिटनेस:** नियमित व्यायाम और खेलकूद से अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ाएँ। यह न केवल आपको स्वस्थ रखेगा, बल्कि आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया देने में भी मदद करेगा।
- **मानसिक दृढ़ता:** ध्यान, योग और प्रेरक किताबें पढ़कर अपने मन को मजबूत करें। डर और तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता आपको कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।
- **प्रशिक्षण लें:** अपने स्कूल या कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्टएड) और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लें। यह आपको और दूसरों को आपातकाल में बचाने में मदद करेगा।

## भेदभाव से बचें

### 4. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव

- आतंकवाद का एक प्रमुख उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना होता है। विद्यार्थी के रूप में, आप सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देकर इस मंसूबे को नाकाम कर सकते हैं।
- **सभी को जोड़ें:** जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव से बचें। अपने दोस्तों और सहपाठियों के साथ एकता का संदेश फैलाएँ।
- **सकारात्मक संदेश:** अपने स्कूल या कॉलेज में राष्ट्रीय एकता और शांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे नाटक, वाद-विवाद या पोस्टर प्रतियोगिताएँ।
- **स्वयंसेवक बनें:** सामुदायिक सेवा में भाग लें और अपने आसपास के लोगों को एकजुट करने में मदद करें।

### 5. कैरियर के माध्यम से योगदान

- राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने के लिए आपको सैनिक बनना जरूरी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करके भी आप देश की सेवा कर सकते हैं।
- **सुरक्षा बलों में शामिल हों:** अगर आपमें जोश और देशभक्ति है, तो सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस या अर्धसैनिक बलों में शामिल होने पर विचार करें।
- **वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ:** रक्षा अनुसंधान और तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए वैज्ञानिक या इंजीनियर बनें।
- **पत्रकारिता और कानून:** पत्रकारिता के माध्यम से जागरूकता फैलाएँ या कानून के क्षेत्र में काम करके आतंकवाद के खिलाफ कानूनी लड़ाई को मजबूत करें।
- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है हमारा हौसला। डर को अपने ऊपर हावी न होने दें। हर कठिन परिस्थिति में एक अवसर छिपा होता है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है ?
(ए) टिन
(बी) मैगनीज
(सी) अभ्रक
(डी) मोनाजाईट

**2.** सवैधानिक स्थिति के अनुसार खनिजों पर किसका अधिकार है ?
(ए) राज्य सरकार का
(बी) केंद्र सरकार का
(सी) उर्युक्त दोनों का
(डी) इनमे से कोई नहीं

**3.** नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कोर्प्रेशन ऑफ़ इण्डिया की हीरे की खान कहाँ है ?
(ए) डिगबोई
(बी) जयपुर
(सी) झारसुगुडा
(डी) पन्ना

**4.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य एस्बेस्टस का सर्वाधिक उत्पादक है ?
(ए) मध्य प्रदेश
(बी) आंध्र प्रदेश
(सी) कर्नाटक
(डी) राजस्थान

**5.** भारत के प्रथम खनिज नीति कब घोषित हुयी थी ?
(ए) 1951 में
(बी) 1961 में
(सी) 1972 में
(डी) 1976 में

**6.** भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय खनिज निति की घोषणा किस वर्ष की गई?
(ए) 1991 ई०
(बी) 1992 ई०
(सी) 1993 ई०
(डी) 2008 ई०

**7.** भारत में टिन का अग्रगण्य उत्पादक है -
(ए) ओडिशा
(बी) मध्यप्रदेश
(सी) झारखण्ड
(डी) छतीसगढ़

**8.** स्वर्ण मुखत्या कहाँ पाया जाता है ?
(ए) पन्ना
(बी) कटनी
(सी) कोलार
(डी) खेतड़ी

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप



### बाबा कर्णसिंह की 30वीं पुण्यतिथि मनाई

**नारनौल।** सत्यवादी बाबा कर्णसिंह की 30वीं पुण्यतिथि पर गांव धनौन्दा बस स्टैण्ड पर स्थित कर्णचित्रा धर्मशाला में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर बाबा के सैकड़ों प्रशंसकों व अनुयायियों ने कर्णचित्रा धर्मशाला स्थित उनके पावन स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रार्थना सभा को सम्बोधित करते हुए प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल एडवोकेट ने कहा कि सत्यवादी बाबा कर्णसिंह ने सदैव सत पथ का अनुगमन किया। बाबा ने अपने स्वार्थ के लिए भी कभी असत्य भाषण नहीं किया। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास तथा बुराइयों को दूर करने के लिए ताउम्र कार्य किया। राजेन्द्र सिंह नम्बरदार ने कहा कि बाबा दीन दुखी, निर्बलों, दलितों और पिछड़ों के मसीहा थे। बाबा समावेशी स्वभाव के व्यक्ति थे तथा सभी की यथासम्भव मदद करना धर्म समझते थे। गुरुदत्त आर्य ने विभिन्न प्रार्थनाएं कर सम्पूर्ण विश्व की मंगलकामना की।

### 10 निवेशकों को चुनाव के लिए वोट डालने का अधिकार था

# राजेंद्र शर्मा कोआपरेटिव सोसायटी बैंक के निर्विरोध बने प्रधान, दीपक बने उपप्रधान

- महेंद्रगढ़ जिला भाजपा में गुटबाजी के चलते चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। राजेंद्र शर्मा को मिठाई खिलाते विधायक कंवर सिंह यादव।

लंबी कशमकश के बाद आखिर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के छोटे भाई राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू कोआपरेटिव सोसायटी बैंक के प्रधान बनने में सफल रहे। वहीं दीपक उपप्रधान चुने गए, यह चुनाव निर्विरोध हुआ।

चुनाव सतीश रोहिल्ला पीठासीन अधिकारी प्रधानाचार्य केंद्रीय सहकारी प्रशिक्षण संस्थान केंद्र रोहतक कम आफ रजिस्टर सहकारी समितियां करनाल बैंक मैनेजर दिनेश चौहान की अध्यक्षता में बैंक मुख्यालय में शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस चुनाव में राजेश तंवर, कंवर सिंह यादव, राजेंद्र कुमार शर्मा, क्रिरोस्ता देवी, दीपक कुमार, लीलाराम, राजबाला, पृथ्वी चंद, सतीश कुमार, नवल सिंह, निदेशक एवं बंशीलाल उपरजिस्टर सहकारी समितियां भिवानी, सुरेंद्र पाल महाप्रबंधक भिवानी प्रतिनिधि हरको बैंक ने भाग लिया। जहां 10 निवेशकों को चुनाव के लिए वोट डालने का अधिकार था, वहीं दो सरकारी अधिकारियों को भी वोट डालने का अधिकार था। महेंद्रगढ़ जिला भाजपा में गुटबाजी के चलते यह चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ था।

इससे पहले भी 14 फरवरी को चुनाव के लिए घोषणा हो गई थी, लेकिन पीठासीन अधिकारी के बीमार होने के कारण यह चुनाव स्थगित कर दिया था। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के निर्देश पर पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा के भाई राजेंद्र शर्मा को बैंक का प्रधान बनने के निर्देश जारी हो चुके थे। इसी के चलते शुक्रवार को नांगल चौधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह के महेंद्रगढ़ आवास पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा, नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव एवं सभी 10 निर्देशकों की आवश्यक बैठक हुई, जिसमें राजेंद्र शर्मा के नाम पर सर्वसम्मति बनी। वहां से सभी अलग-अलग गाड़ियों में बैठकर कोआपरेटिव सोसायटी बैंक में पहुंचे और राजेंद्र शर्मा को निर्विरोध बैंक का प्रधान एवं दीपक को उपप्रधान बनाने की घोषणा हुई। राजेंद्र शर्मा ने निर्विरोध प्रधान चुने जाने के बाद कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह यादव, पूर्व विधायक सीताराम यादव एवं सभी नौ साथी निर्देशकों के सहयोग के कारण उसे कोआपरेटिव बैंक का प्रधान बनाकर सेवा करने का अवसर मिला है। इन्हीं के प्रयास से सबको साथ लेकर कोआपरेटिव बैंक के माध्यम से सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे एवं बैंक से लोगों को जो फायदा हो सके वह फायदा पहुंचाने का कार्य करेंगे। सबसे पहले राजेंद्र शर्मा का प्रधान चुने जाने के बाद विधायक कंवर सिंह यादव ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया।

#### एक फोन ने बदली कोआपरेटिव बैंक

ध्यान रहे की महेंद्रगढ़ भाजपा में दो ग्रुप बने हुए हैं। एक ग्रुप में नांगल चौधरी के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव तथा महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव को गिना जाता हैं। वहीं दूसरे ग्रुप में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा, नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को माना जाता है। कोआपरेटिव बैंक महेंद्रगढ़ में प्रधान बनने के लिए पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा के भाई काफी दिनों से प्रयास कर रहे थे। 14 फरवरी को चुनाव के लिए तारीख भी तय हो गई थी, लेकिन अचानक चुनाव अधिकारी बीमार हो गए और चुनाव स्थगित हो गया। उसके बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने महेंद्रगढ़ जिला भाजपा को पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के भाई राजेंद्र शर्मा को निर्विरोध कोआपरेटिव बैंक महेंद्रगढ़ का प्रधान बनाने का फरमान सुनाया, जिसके बाद शुक्रवार को यह चुनाव संपन्न हुआ एवं राजेंद्र शर्मा निर्विरोध प्रधान एवं दीपक उपप्रधान बने।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भारी संख्या में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा के समर्थक मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। आंगनबाड़ी केंद्र में मलेरिया के प्रति जागरूक करते स्वास्थ्य कर्मी अनूप रिवासा। फोटो : हरिभूमि

## आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया विश्व मलेरिया दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव जांजड़ियावास के आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रबंधन मे मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम जांजड़ियावास से हंसराज, रामनिवास व अशोक का योगदान सराहनीय रहा।

स्वास्थ्य कर्मी अनूप रिवासा ने कहा की मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जो मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर गंदे पानी में पनपता है और आमतौर पर रात के समय काटता है। प्रारंभिक लक्षण में मरीज को सर्दी के साथ बुखार होना, सिर दर्द, उल्टी होना व पसीने के साथ बुखार का उतरना आदि होते है।

उन्होंने कहा की मलेरिया से बचाव के लिये हम अपने आसपास सफाई रखें, पूरी बाजू के कपडे पहने, घर के दरवाजों पर जाली लगवाए और नालियों को साफ रखें ताकि मच्छर ना पनप पाए। डॉ. चंद्रपाल ने बताया की कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, इसलिए बुखार होते ही रक्त पट्टीका बनवाएं, ताकि समय रहते बीमारी का पता चल सके और इलाज शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा की हर रविवार को ड्राई डे मनायें, जिसके अंतर्गत कूलर की सफाई करें, फूलदान, टायर व सकोरों आदि को सप्ताह में एक बार साफ अवश्य करें, ताकि इस जानलेवा बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनेश ने बच्चों को जागरूक करने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद किया और बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताई हुई बातों को अमल में लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बबीना देवी, मंजू देवी, बबली, रेखा, हंसराज व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## मुकुंदपुरा स्कूल में नशा मुक्ति व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

सड़क सुरक्षा, सुरक्षित वाहन पॉलिसी व नशा मुक्ति अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुकुंदपुरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य इंद्र कुमार गुर्जर ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्लॉक को ऑर्डिनेटर डा. हंसराज गुर्जर ब्रिगेड ऑफिसर ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए कहा कि आज नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई बनता जा रहा है, जिसमें इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तंबाकू सहित चरस, स्मैक, कोकीन जैसे घातक मादक जहरीले व नशीले पदार्थों के सेवन से न केवल व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि होती है अपितु सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। बच्चों को प्रेरित करते हुए आग्रह किया कि हम सभी को सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों की दृढ़ता से पालना करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में हर तीन मिनट में लगभग एक मौत होती है और सड़क हादसों में 80 प्रतिशत से अधिक मौतें सिर की चोट से होती हैं। मंच संचालक राजकुमार निम्बल ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना बड़ा खतरा है। दयाराम डीपीई ने बताया कि हमें दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए।



## यदुवंशी कॉलेज में एलिगेंट एलविदा उत्सव का आयोजन

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को एलिगेंट एलविदा उत्सव का प्रारम्भ देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने की। सीनियर विद्यार्थियों को जूनियर ने रंगारंग कार्यक्रम कर प्रीतिभोज करवाकर विदा किया। उत्सव कार्यक्रम मिस फेयरवेल खुशबू मिस्टर फेयरवेल अविनाश, मिस डांसर खुशी, मिस ब्यूटीफुल सिमरन, मिस्टर हैंडसम तनिष्क, मिस सेंसियर प्रीति, मिस्टर सेंसियर प्रवीण, मिस स्टाइलिश प्रीति, मिस्टर स्टाइलिश तुषार चुने गए। संस्था निदेशक सुरेश यादव, डा. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, उप प्राचार्या सोनल यादव ने श्रेष्ठ परीक्षा परिणामों की सूची का व्याख्यान करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन राहुल बोहरा व प्रीति यादव ने किया।

## कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव करने की मांग को लेकर इलाके के गणमान्य लोगों ने रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हाथों में पोस्टर लिए हुए थे। जिन पर कनीना स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव करो, रेल विभाग होश में आओ, स्टेशन पर बुनियादी सुविधाएं बढ़ाओ जैसे नारे लिखे हुए थे। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने किया। इसके बाद में प्रदर्शनकारियों ने केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव के नाम ज्ञापन स्टेशन मास्टर विक्की चौहान को सौंपा।

ज्ञापन में चेतावनी दी है कि 15 दिनों के अंदर कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की अधिसूचना जारी नहीं की, तो आगामी 16 मई को रेलवे स्टेशन पर इलाके की महापंचायत कर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

ज्ञापन सौंपते हुए अतरलाल ने कहा एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग के लिए धरना प्रदर्शन, विरोध, महापंचायत व रेल रोको आंदोलन करना पड़े तो वह भी करेंगे। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने रेलवे स्टेशन के पास इक्ट्ठे होकर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह नम्बरदार, राजेन्द्र पंच, गोपाल यादव, कैलाश सेठ, लालसिंह, राजबीर, पदमेन्द्र शर्मा, कुलदीप, राकेश, नरेश आदि मौजूद थे।

## एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में चार छात्रों ने किया टॉप-10 में कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा हाल ही में टॉप-10 सूची जारी की, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के एमकॉम के प्रथम सेमेस्टर के चार विद्यार्थियों ने टॉप-10 स्थान पर कब्जा किया। इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल उनके माता-पिता और गुरुजनों का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि पूरे समाज को गौरव की अनुभूति कराई है।

एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका पुत्री विनोद कुमार ने 9.69 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं वर्ष पुत्री मूलचंद ने 9.54 एसजीपीए लेकर दूसरा, ऋषभ पुत्र कमल कुमार ने 9.23 एसजीपीए लेकर चौथा, राहुल पुत्र राकेश कुमार ने 9.08 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में सातवां स्थान हासिल कर अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी डिग्री कॉलेज का नाम रोशन किया।

चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा हमारी संस्था शिक्षा के क्षेत्र में सदैव उत्कृष्टता को प्राथमिकता देता रहा है। यदुवंशी कॉलेज के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने हमारी उम्मीदों से भी बेहतर प्रदर्शन किया है।

यह छात्र आने वाले समय में समाज और राष्ट्र की रीड बनेंगे। फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि यदुवंशी डिग्री कॉलेज का यह परिणाम न केवल शैक्षिक उपलब्धि का प्रतीक है, बल्कि यह समाज के भविष्य की झलक भी देता है। संस्था वॉइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, डॉ. प्रदीप यादव, यदुवंशी कॉलेज प्राचार्य बबरुभान यदुवंशी कॉलेज के समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## आरपीएस विद्यालय में हिंदी कविता प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय के प्राइमरी विभाग में कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों के लिए काव्य मंथन थीम पर हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन करने के लिए पहले सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों का आडिशन लिया गया। आडिशन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का हिंदी कविता प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। कविता प्रतियोगिता का मुख्य विषय प्रकृति रखा गया। बच्चों ने पर्वत, धरती, पेड़, सूरज और चांद आदि विषयों पर अपनी मनमोहक कविताएं प्रस्तुत की। कक्षा पहली की कविता प्रतियोगिता में एंकर की भूमिका शशांक, रियांश और सार्थ ने तथा कक्षा दूसरी में एंकर की भूमिका भावी, भूमिका और नव्या ने निभाई। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सभी बच्चों को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा विजेता प्रतिभागियों को शुभकामना दी।







## श्रीकृष्णा स्कूल में साप्ताहिक विश्व पृथ्वी दिवस हाउस प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में साप्ताहिक विश्व पृथ्वी दिवस हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि सीईओ कर्मवीर राव व अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस हाउस प्रतियोगिता बीते 23 अप्रैल से आगामी 28 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। 23 अप्रैल को ग्लोबल वार्मिंग व कचरे का पुनः उपयोग पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। ग्लोबिन वार्मिंग प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं कचरे का पुनः उपयोग पर प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं 24 अप्रैल को जल स्तर, पृथ्वी का तापमान व ग्लोबल वार्मिंग पर डिबेट करवाई गई, जिसमें कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं 25 अप्रैल को पृथ्वी पर क्विज करवाई गई, जिसमें कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं 28 अप्रैल को पृथ्वी, ऊर्जा बचाएं व जल चक्र पर मॉडल तैयार किए जाएंगे, जिसमें कक्षा नौवीं से 11वीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। वहीं मिडिल कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण, जल चक्र, पृथ्वी संरचना पर भी मॉडल तैयार किए जाएंगे।

## भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। शपथ ग्रहण करते भाविप के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित दायित्व ग्रहण समारोह में परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव महेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में संगठन को नई ऊर्जा व दिशा देने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनेक नए सदस्यों संजय बौहरा, पवन अरोड़ा, जोगेन्द्र अग्रवाल, सुभाष कश्यप, अशोक सिंघल, देवेन्द्र वर्मा, महेश शर्मा, वीडी वशिष्ठ, अमित शर्मा, नितिन, वन्दना सिंघल, सरोज कश्यप, मंजू वर्मा, सरिता वशिष्ठ ने शपथ ली और भारत विकास परिषद के चार मूल सिद्धांत सेवा, संस्कार, सहयोग व समर्पण को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

इसके पश्चात महेन्द्र शर्मा ने पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें अध्यक्ष कवीन्द्र सचदेवा, सचिव मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, सेवा प्रमुख पवन यादव, संस्कार प्रमुख डा. शिवकुमार यादव, पर्यावरण प्रमुख अशोक शर्मा, सम्पर्क प्रमुख नीरज अग्रवाल, महिला संयोजिका लक्ष्मी सचदेवा ने अपने पदभार को स्वीकार करते हुए सेवा, समर्पण और सद्भाव के पथ पर चलने की शपथ ली। नवनियुक्त अध्यक्ष कवीन्द्र सचदेवा ने अपने वक्तव्य में कहा कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संकल्पित हैं और परिषद की मूल भावना सूत्रों संस्कार, सेवा सहयोग और समर्पण को आगे बढ़ाएंगे। पूर्व अध्यक्ष राजकुमार यादव, सचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा, वरिष्ठ सदस्य अश्वनी कटारिया, हितेन्द्र बौहरा ने नए सदस्यों और नई टीम का स्वागत करते हुए प्रेरणादायक वक्तव्य दिए और नई टीम को आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूर्व महिला संयोजिका प्रतिमा भारद्वाज सहित अनेक महिलाएं व प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर धर्मनारायण शर्मा, संजय शर्मा, जितेंद्र भारद्वाज, भीमसेन शर्मा, राकेश शर्मा सहित शाखा सदस्य मौजूद रहे।

## आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुटः राव नरेंद्र सिंह



**नारनौल।** पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने हाल ही में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुटता के साथ खड़ा है। अब केंद्र सरकार को चाहिए कि कोई ठोस कदम उठाए व त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सख्त संदेश दें, ताकि भविष्य में किसी भी नागरिक की जान बर्बर हिंसा की भेंट न चढ़े। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि निहत्थे निर्दोष आम नागरिकों को निशाना बनाना मानवता के खिलाफ अपराध है। यह कायराना व सुनियोजित आतंकी हमला पाकिस्तान की ओर से रची गई हमारे गणराज्य के मूल्यों पर सीधा हमला। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और केंद्र सरकार से इसे सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह करते हैं।

## नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर कल

**नारनौल।** नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप के तत्वावधान में संस्था के सचिव संदीप जैन व मार्गदर्शक डा. शिव कुमार की शादी सालगिरह के उपलक्ष्य में 27 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन नागरिक अस्पताल में किया जाएगा। शिविर के संयोजक व संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने बताया कि वर्तमान समय में सभी ब्लड बैंको में रक्त की भारी कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इस संकट की पूर्ति के उद्देश्य में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल शर्मा, मनीष गर्ग व प्रवेश जांगिड करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि चेयरमैन यूएसएल अकेडमी राकेश यादव होंगे। इस आयोजन में 36 बिरादरी के युवाओं का विशेष सहयोग रहेगा। संस्था रक्तदान जैसे पुण्य कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

मै सुरेश सैनी पुत्र छोटेलाल वासी गोपाल कृष्ण कॉलोनी शेखपुरा तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हू कि मेरा पुत्र मनीष सैनी मेरे कहने सुनने से बाहर है व हर दिन घर में लडाई–झगडा करता रहता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेने करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै छोटेलाल पुत्र मोहर सिंह वासी गांव नांगल काठा तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा लडका महेंद्र सिंह व उसकी पत्नी मोनिका मेरे कहने सुनने से बाहर है व हर दिन घर में लडाई–झगडा करते रहते है। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## रबी फसल की खरीद कार्यों को लेकर डीसी ने ली समीक्षा बैठक

# अब तक 87650 मीट्रिक टन सरसों की सरकारी खरीद नकली सरसों के मामले में आढ़ती का लाइसेंस रद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिले में चल रही रबी फसल की सरकारी खरीद के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने खरीद कार्यों से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश भी जारी किए। डीसी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में अब तक 87650 मीट्रिक टन सरसों की सरकारी खरीद हो चुकी है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खरीद कार्य के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।

उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश अनुसार सही समय पर किसानों के खाते में उसकी फसल की रकम उनके खाते में पहुंच जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि अब तक जिला महेंद्रगढ़ में 60815 एमटी उठान कार्य हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नकली सरसों के संबंध में भी वे अलर्ट रहे। अगर कोई व्यक्ति इस तरह की हरकत करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीएम रेखा मलिक ने बताया कि रेवाड़ी गोदाम में उतारी जा रही सरसों की जांच करने पर नकली सरसों होने की संदेह हुआ। जिसके नमूने लेकर उसे जांच के लिए स्टेट वेयर हाउस की लैब में भेजा है। जिसकी रिपोर्ट नहीं आ सकी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।


नारनौल। खरीद कार्यों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा, नगराधीश मंजीत कुमार, डीएफएससी कुशलपाल बूरा, एएफएसओ अरुण कुमार सैनी, डीएम हैफेड प्रवीण भारद्वाज, डीएम वेयर हाउस रेखा मलिक के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### डीएम वेयरहाउस ने कार्रवाई की

डीसी ने बताया कि किसान सेवा केंद्र कनीना का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इनकी नकली सरसों रेवाड़ी के एचडब्ल्यूसी के गोदाम में पहुंच गई थी। वहां पर पता चला की सरसों नकली है। इस पर डीएम वेयरहाउस ने तुरंत कार्रवाई की और इसके सैंपल निरीक्षण हेतु लैब में भेज दिए हैं। अगर इसमें मिलावट पाई जाती है, तो इस आढ़ती पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नकली सरसों रेवाड़ी गोदाम में पकड़ी

कनीना। कनीना की नई आनाज मंडी चेलावास में सरसों की खरीद का कार्य भले ही लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन खरीद ओर उठान के बाद अब उस पर सवाल उठने लगे हैं। स्टेट वेयर हाउस की ओर से खरीदी गई सरसों का उठान कर रेवाड़ी स्थित वेयर हाउस के गोदाम में भेजा गया। जहां पर सरसों नकली मिलने की संभावना पर जांच कमेटी ने उसके नमूने लेकर लैब में भेजा है। जहां से उसकी रिपोर्ट नहीं आ सकी है। बताया जा रहा है कि सरसों जांच की रिपोर्ट आने तक 960 बैग लदे उक्त वाहन को गोदाम में ही रोका गया है। सरसों का यह वाहन कनीना मंडी की किसान सेवा केंद्र फर्म का बताया गया है। जिसमें नकली सरसों मिलने की संभावना जताई गई है। पानी डालने पर वह मिट्टी का स्वरूप धारण कर रही है, लेकिन इसका खुलासा लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मार्केट कमेटी सचिव ने बताया कि फर्म के संचालक की ओर से सरसों को अवैध स्टॉक करने के आरोप में हाल ही में सीएम फलाइंग व कमेटी की संयुक्त टीम ने सेहलंग गोदाम पर छापेमारी कर 2826 क्विंटल सरसों काबू की थी। जिसकी मार्केट फीस, जुर्माना व जीएसटी समेत करीब 19 लाख रुपये की राशि वसूल की गई थी। इतना होने के बाद भी आढ़ती की ओर से सरसों खरीद में जालसाजी की जा रही है। स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा देवी ने बताया कि सरसों की खरीद कर उसे रेवाड़ी गोदाम में भेजा था। जांच रिपोर्ट में सरसों नकली पाए जाने पर व्यापारी के खिलाफ केस दर्ज कराने सहित आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### केके पूनिया बने अम्बेडकर जनजागरण समिति के प्रधान

कनीना। डा. भीमराव अंबेडकर जन जागरण समिति के पदाधिकारियों की चुनावी बैठक कनीना में आयोजित की गई। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक दिलीप सिंह एडवोकेट की उपस्थिति में प्रधान केके पूनिया ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद शुरू हुई चुनावी प्रक्रिया के दौरान तीसरी बार केके पूनिया को निर्विरोध प्रधान व पवन कुमार को उपप्रधान पद की जिम्मेवारी दी गई। राजेंद्र कपूरी व संजय को महासचिव, बलवीर सिंह तोंदवाल कोषाध्यक्ष, विजयपाल को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा राकेश तुदवाल को ऑडिटर, डीगराम को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। इस मौके पर सूरत सिंह, शेरसिंह, लोकेश, रामेश्वर, सुबेसिंह, जयप्रकाश, मनोज आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सरकार सख्त



मंडी अटेली। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि केंद सरकार का सख्त रूख है। सरकार ने इस संदर्भ में सर्वदलीय बैठक बुलाकर विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया है। उन्होंने हमले को पाकिस्तान की कायरतापूर्ण हरकत करार दिया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर शांति और विकास की ओर अग्रसर था, लेकिन यह प्रगति आतंकियों व उनके मौकापरस्तों को रास नहीं आ रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देगी और किसी भी हालत में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### डीपीटी बुस्टर का प्रतिरक्षण पूर्ण करवाएं: सीएमओ

नारनौल। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 24 अप्रैल से 30 तक विश्व प्रतिरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पांच साल तक के बच्चों के सभी टीके तथा बुस्टर प्रतिरक्षण पूर्ण करवाए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सीएमओ डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि इस श्रेणी के बच्चों को टीके, डीपीटी बुस्टर टीडी10, टीडी16 तथा ड्रॉप आउट का प्रतिरक्षण पूर्ण करवाया जाएगा। प्रथम वी द्वितीय डोज पर विशेष ध्यान दिया जाना है, ताकि फुली इम्यूनाइजेशन 95 प्रतिशत हो सके।

### जिला महेंद्रगढ़ में बनेंगे नीट के 8 परीक्षा केंद्र

नारनौल। मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस तथा बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) प्रवेश परीक्षा को लेकर शुक्रवार को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न राज्यों के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। यह परीक्षा आगामी चार मई को आयोजित की जाएगी। इस बैठक के बाद उपायुक्त डा. विवेक भारती तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। डीसी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में नीट परीक्षा के लिए कुल आठ केंद्र बनाए गए हैं। इनमें पांच नारनौल तथा तीन महेंद्रगढ़ में स्थापित किए जाएंगे।

## बुचावास निवासी विक्रम सिंह की मौत पर हंगामा

# अस्पताल प्रबधंक ने पुलिस को दी शिकायत मृतक के परिजन पर मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव बुचावास निवासी विक्रम सिंह की मौत होने पर परिजनों व अन्य ग्रामीणों ने निजी अस्पताल में वीरवार को हंगामा किया था। इसी बीच निजी अस्पताल के प्रबंधक ने मृतक के परिजनों व अन्य ग्रामीणों पर डॉ. मंजीत व उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को शहर के सभी निजी अस्पताल के संचालक सिटी पुलिस थाने में एकत्रित होकर शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि शहर के गांव बुचावास निवासी विक्रम सिंह को शहर के देव हार्ट अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। विक्रम सिंह को अस्पताल की ओर से रेफर किया गया था। इसी बीच उसकी मौत हो गई। फिर परिजन मृतक विक्रम सिंह को देव हार्ट अस्पताल लेकर आए और अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। इस दौरान मृतक के परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। इसके अलावा परिजनों की ओर से सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत दी गई थी और पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस मौके पर डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. दीपक वत्स, डॉ. मंजीत यादव, डॉ. सतेंद्र तंवर, डॉ. विनोद यादव, डॉ. महेश यादव, डॉ. राजीव यादव, डॉ. अजय, डॉ. कुलबीर यादव, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. सुमेर, डॉ. भूपेंद्र, डॉ.केके यादव, डॉ. शुभम कौशिक, व्यापार मंडल प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र बंटी सहित अनेक नीजि अस्पताल के चिकित्सक मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। सिटी पुलिस थाने में शिकायत देने आए शहर के निजी अस्पताल के संचालक व डॉ. मंजीत की कैबिन में डॉक्टर को थप्पड़ जड़ता व्यक्ति। फोटो: हरिभूमि

### डॉक्टर को जड़ा थप्पड़

अस्पताल के प्रबंधक ने मृतक के परिजन व ग्रामीण की ओर से अस्पताल के चिकित्सक से मारपीट का वीडियो पुलिस को दिया गया है। इस वीडियो में परिजन व अन्य लोग डॉ. मंजीत की कैबिन में आपस में बात करते हैं। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि सिटी पुलिस की कर्मी इंस्पेक्टर सविना भी कुर्सी पर बैठी हुई हैं। आपस में बात करते-करते सामने बैठा एक व्यक्ति डॉ. मंजीत पर थप्पड़ जड़ देता है। इसके बाद पुलिस और पास खड़े लोग छुट-छुटाव करवाते हैं। फिर अस्पताल कर्मियों की ओर से डॉ. मंजीत की कैंबिन बंद की जाती हैं।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव अटेली मंडी में कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

**भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी के कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक**

भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी के कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें पहलगाम में आतंकवादियों की ओर से की गई हत्या के शोक में मौन रखा गया एवं उनको श्रद्धांजलि दी गई। समाज के सभी लोगों को परशुराम जी की नीतियों से अवगत कराया, जिस प्रकार से भगवान परशुराम ने दुष्टों का संहार किया था, इस प्रकार से आतंकवादियों को नष्ट करने के बारे में बातें हुई।

इसके बाद 27 अप्रैल को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव के बारे में चर्चा हुई। पहले से निश्चित इस कार्यक्रम को 27 अप्रैल को अटेली के श्रीराधा कृष्ण मंदिर में अटेली ब्लॉक के सभी गांव के ब्राह्मण भाइयों के सहयोग से मनाने का निश्चय लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामविलास शर्मा, एलसी जोशी, आदेश शर्मा, बुद्धि प्रकाश, राकेश मेहता, योगेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, गोविंद प्रसाद भारद्वाज, रेणुका पंडित, राकेश शर्मा मौजूद रहेंगे। भगवान परशुराम जी का सुबह सात बजे हवन किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह आठ बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 11 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह होगा और दोपहर एक बजे प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस बैठक में रामानंद रामपुर, प्रवीण रामपुर, धर्मेंद्र वशिष्ठ, राजेश कौशिक, आलोक कौशिक, दीपक कौशिक, अरविंद कौशिक, ईश्वर जोशी, सुनील आदि मौजूद थे।

# समाधान शिविरों में हर शिकायत पर गंभीरता से हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी डा. आनंद कुमार शर्मा।

मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों में प्रत्येक शिकायत पर जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य करता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने इस सप्ताह सोमवार व वीरवार को लगाए गए समाधान शिविरों में आई शिकायतों की समीक्षा बैठक ली। एडीसी ने कहा कि आम जनता को सोमवार व वीरवार को उपमंडल स्तर तथा जिला स्तर पर लगने वाले समाधान शिवरों में अपनी शिकायतें रखने का बहुत अच्छा प्लेटफार्म मिला है। ऐसे में अधिकारी प्रत्येक समस्या को पूरी गंभीरता के साथ समझें तथा उसका निश्चित अवधि के दौरान निराकरण भी करें। उन्होंने बारी बारी से सभी विभागों के अधिकारियों से इस सप्ताह आई समस्याओं के निराकरण के बारे में रिपोर्ट ली।

# नपा ने वार्ड नंबर-एक में चलाया सफाई अभियान

- वार्ड में गलियों, नालियों और सड़कों की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पालिका ने शहर के वार्ड नंबर-एक में सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत वार्ड में गलियों, नालियों व सड़कों की सफाई की गई। इस दौरान कर्मचारियों ने फ्रैंडस कॉलोनी, छाजूपुरम कॉलोनी व कर्मचारी कॉलोनी में सफाई की गई। नगर पालिका सचिव अनिल कुमार ने कहा कि सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है। लोगों की भागीदारी से ही शहर को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे स्वस्थ्य का आधार स्तंभ है। घरों आसपास नियमित रूप से सफाई करने से बीमारियां नहीं फैलती हैं। लोगों को कचरा सड़क अथवा गली में डालने के स्थान पर डस्टबीन में एकत्रित करके नगर पालिका के डोर-टू-डोर वाहन में डालना चाहिए, ताकि शहर की सड़कों पर गंदगी ने फैले। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को सभी वार्डों में नियमित रूप से गलियों एवं नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए और कहा कि आसपास सफाई रहेगी तो हम सभी स्वस्थ रहेंगे। इस मौके पर सफाई दरोगा रिंकू उर्फ सुमित, पार्षद संजय राठी आदि उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। वार्ड की सफाई करते नपा कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

# सड़क पर कूड़ा डालने वाले 4 नागरिकों के काटे चालान

- शहरों में सघन सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा की देखरेख में शुक्रवार को जिले के सभी शहरों में सघन सफाई अभियान चलाया गया। डीएमसी ने सुबह खुद महावीर चौक से इस अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने दुकानों के बाहर सड़क पर कूड़ा डालने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। इसके अलावा सड़क पर कूड़ा डालने वाले चार नागरिकों के चालान काटे। इस अभियान के दौरान सभी शहरों में विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा पार्षदों ने मिलकर सड़कों और नालियों में सफाई की। डीएमसी ने बताया कि यह अभियान लगातार 10 दिन तक चलाया जाएगा।

इस दौरान लगातार गलियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में संबंधित सफाई दरोगा के नंबर भी सभी पार्षदों को दिए गए हैं, ताकि अगर किसी प्रकार की सफाई से संबंधित दिक्कत हो तो उनसे संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वह इस सफाई अभियान में जिला प्रशासन का साथ दें। शहर को साफ सुथरा रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बनती है।


नारनौल। महावीर चौक पर सफाई अभियान की शुरुआत करते एडीसी आनंद कुमार शर्मा। फोटो: हरिभूमि

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली


मंडी अटेली। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकलते हुए।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले में दिवंगत सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए अटेली खेल संघर्ष समिति और मॉडल संस्कृति स्कूल अटेली के तत्वाधान में बीती रात्रि अटेली में कैंडल मार्च निकाला। सभी ने एक स्वर में आतंकवादी हमले की निंदा की एवं कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग केंद्र सरकार से की। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव पीए विकास यादव, अटेली मंडल के अध्यक्ष मुकेश गणियार, मास्टर रामसिंह, हरीश यादव व ललित डाबड़कोच सहित अन्य भाजपा नेताओं ने हमले की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादी घटना के विरोध में पूरा देश एकजुट है। भाजपा नेताओं ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट की। इस मौके पर तेजप्रकाश, दीपक यादव, मुकेश कुमार, पवन कोच, प्रदीप तिगरा, प्रदीप सैनी, भूपेश कटारिया, अशोक मंत्री, अनिल कमांडो के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# इस वर्ष अभी तक नहीं मिला कोई मलेरिया संक्रमित मरीज: सिविल सर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले में शुक्रवार विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। नारनौल शहर में मोहल्ला रावका स्थित स्प्रिंग फील्ड स्कूल में मलेरिया दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य भीमसेन शर्मा ने की। स्वास्थ विभाग की टीम ने वहां जाकर विद्यार्थियों को मलेरिया के कारण, बचाव और ईलाज के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से हेल्थ टॉक की और पैंपलेट बांटे।

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में मलेरिया का इस वर्ष अभी तक कोई संक्रमित मरीज नहीं मिला है, जबकि पिछले वर्ष पांच संक्रमित मरीज मिले थे। जिले में मलेरिया पूरी तरह नियंत्रण में है और विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने लोगों से प्रत्येक रविवार को ड्राई डे के रूप में मनाने की अपील करते हुए कहा कि हमें अपने घरों के आसपास पानी इकठ्ठा नहीं होने देना चाहिए। पानी के बर्तनों और कूलर आदि को हफ्ते में एकबार साफ करके सूखाने के बाद ही इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले की प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में मलेरिया बुखार की जांच और उपचार निःशुल्क उपलब्ध है।



नारनौल। स्प्रिंग फील्ड स्कूल में मलेरिया दिवस मनाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मलेरिया के प्रति कर रहे जागरूक

*मलेरिया डे पर इंचार्ज डॉ. मनीष यादव ने बताया कि जिले में 152 टीमें डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक कर रही हैं और बुखार के मरीजों की जांच कर रही हैं। पंपलेट, ग्रुप मीटिंग, हेल्थ टॉक, नुक्कड़ सभा आदि के माध्यम से और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर लोगों को मलेरिया बुखार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 782225 घरों में 31308 बुखार के मरीजों की जांच की जा चुकी है, जिसमे मलेरिया संक्रमित कोई मरीज नहीं मिला है। अभी तक जिले में छह घरों में लारवा पाया गया, जिनको नोटिस दिए गए हैं।*

### बुखार आने पर रक्त की जांच करवाएं

डॉ. यादव ने बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। इसलिए बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अपने रक्त की जांच करवाएं। तेज बुखार होना, सर्दी के साथ कंपन होना, सिर दर्द और उल्टी होना, बुखार का बार–बार आना आदि इसके लक्षण हो सकते हैं। इसलिए यदि यह लक्षण हों तो तुरंत रक्त की जांच करवाए और उपचार लें। इस अवसर पर बलवान सिंह, मनमोहन, भारत शर्मा, पूजा, मुकेश यादव, सतीश कुमार, दिनेश शर्मा, संजय कुमार, महेश, अजय व मनोज सहित नारनौल अर्बन की टीम मौजूद रही।




### जिला कांग्रेस कमेटी ने कैंडल मार्च निकालकर दी पहलगाम मृतकों को श्रद्धांजलि

नारनौल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु महावीर चौक में शुक्रवार शाम शांतिपूर्ण एवं भावनात्मक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अगुवाई जिला महेंद्रगढ़ महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डॉ. राजवती (राज सुनेश यादव) ने की। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रकट की। इस अवसर पर डॉ. राजवती ने कहा, "हम उन सभी शहीद पर्यटकों को नमन करते हैं जिन्होंने आतंक के क्रूर वार का सामना करते हुए अपने प्राण गंवाए। यह हमला केवल व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि पूरे देश की मानवता और शांति पर हमला है।"कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और आतंकवाद के विरुद्ध देशवासियों को एकजुटता से इस लड़ाई को लड़ना चाहिए।पूर्व जिला प्रमुख भाई रामसिंह ने कहा अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है, ऐसे में सरकार को इसकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।